GOVT. GENERAL ZORAWAR SINGH MEMORIAL DEGREE COLLEGE, REASI (J&K)

(Affiliated to University of Jammu)

Website : www.gdcreasi.co.in
Email : principalgdcreasi20@gmail.com

Phone : 01991-245590
Mobile : 9419156980

(24-08-2023)- टेबल टेनिस प्रतियोगिता:

गवर्नमेंट जनरल जोरावर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज रियासी में प्रिंसिपल डॉक्टर कुलविंदर कौर के निर्देशन में वीरवार को स्पोर्ट्स क्लब द्वारा एक दिवसीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और जिसमें लगभग 60 विद्यार्थियों सहित 6 अध्यापकों ने भाग लिया। खेल का आरंभ डॉक्टर कुलविंदर कौर के फ्रेंडली मैच खेलने से हुआ और उसके पश्चात खेल की बागडोर (खेल निदेशक) मिस्टर शशि शर्मा ने संभाली और मुकाबलों के दौरान निर्णायक करता की भी भूमिका अदा की।

प्रतियोगिता के अंतिम निर्णायक मुकाबले के दौरान महिला वर्ग में "मैरी कॉम हाउस" की मिस सोनिया ठाकुर (सेमेस्टर-3) ने "सिंधु हाउस" की मिस प्रीति देवी (सेमेस्टर -3) को 3-2 के सेट से हराकर विजेता बनी और पुरुष वर्ग में "मैरी कॉम हाउस" के त्रिलोक सिंह (सेमेस्टर-5) ने "सिंधु हाउस" के विश्वजीत सिंह (सेमेस्टर-5) को 3-2 के सेट से हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की। वही अध्यापक पक्ष के फाइनल मुकाबले में प्रोफेसर अमिक रहमान चौधरी (सिंधु हाउस) ने प्रोफेसर गौरव गुप्ता (डीप ग्रेस हाउस) को 3-2 के सेट से हराकर विजेता बने ।

टेबल टेनिस की इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रिंसिपल डॉक्टर कुलविंदर कोर ने बधाई दी और 29 अगस्त 2023 तक निरन्तर चलने वाली प्रतियोगिताओं में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर खेल निर्देशक शशि शर्मा ने विद्यार्थियों को स्पोर्ट्स से होने वाले विभिन्न प्रकार के लाभ से भी अवगत करवाते हुए कहा कि स्पोर्ट्स हमारे सामाजिक कौशल का विकास करता है, हमारी टीम स्परिट की भावना को पैदा करता है, हमारी धैर्यशीलता व सहनशीलता को बढ़ाता है, हमारा बौद्धिक विकास व शारीरिक विकास करता है, हमारी इम्यूनिटी को बढ़ाता है और इसिलए हम सब को स्पोर्ट्स में गहन रूचि रखनी चाहिए।

इस संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान खेल विभाग द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों को रिफ्रेशमेंट भी वितरित की गई। यह प्रतियोगिता कॉलेज में चल रही खेल प्रतियोगिताओं की श्रृंखला का ही एक हिस्सा थी। जिसका प्रारंभ 23 अगस्त 2023 से हुआ है और समापन 29 अगस्त 2023 को “राष्ट्रीय खेल दिवस” के अवसर पर होगा।

PRINCIPAL

DEPARTMENT OF SPORTS
Govt. Gen. Zorawar Singh Memorial
Degree College Reasi
WELCOME
The Chief Guest & All Particip

24/08/2023 11:25


DEPARTMENT OF SPORTS
24/08/2023 11:12

DEPARTMENT OF SPORTS
Govt. Gen. Zorawar Singh Memorial
24/08/2023 11:

DEPART OF SPORTS
Govt. Gen. Z Singh Memorial
asi
24/08/2023 11:36

DEPART OF SPORTS
Govt. Gen. Singh Memo
asi
24/08/2023 11:35

24/08/2023 11:25

DEPARTMENT OF SPORTS
Govt. Gen. Zorawar Singh Memorial
Degree College Reasi
WELCOME
Chief Guest & All Participants
ULTIMATE
JJ JONEX
T.T.F.I.
24/08/2023 11:49

24/08/2023 12:07

GPS Map Camera
, ,
3RVW+JV4, 182311
Lat 33.094338°
Long 74.847646°
24/08/23 11:50 AM GMT +05:30
Google